# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पर दुष्कर्म के आरोप: सर्व समाज सड़क पर उतरा, मजिस्ट्रियल जांच की मांग

**सतना।** पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा पर दर्ज दुष्कर्म के मामले ने अब बड़ा रूप ले लिया है। गुरुवार को सर्व समाज के सैकड़ोंलोग एकजुट होकर एसपी ऑफिस पहुंचे और मामले की मजिस्ट्रियल जांच की मांग की।



प्रदर्शनकारियों ने एसपी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सतीश शर्मा पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोपों को निराधार और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि सतीश शर्मा की छवि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में हमेशा स्वच्छ रही है,इसलिए बिना ठोस सबूतों के उनके खिलाफ मामला दर्ज करना गलत है। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके।

### क्या है पूरा मामला?

करीब 6 माह पहले एक महिला ने सतीश शर्मा पर छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। बीते दिनों,उसी महिला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया,जिसमें उसने कार्रवाई न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी थी। इस वीडियो के वायरल होने के बाद,पुलिस ने कोलगवां थाने में सतीश शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और आरोपों की समीक्षा नहीं की गई,तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मासूमों की मौत को लेकर कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

**मैहर।** विगत दिनों मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप के सेवन करने की वजह से मासूम बच्चों की मौत हो गई थी जिनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आज मैहर जिला कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई वहीं कांग्रेस द्वारा इसे मेडिकल क्षेत्र में सरकार की बड़ी लापरवाही बताई गई। इस दौरान मैहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,चूड़ामणि बढ़ोलिया,गणेश चतुर्वेदी,नित्यानंद तिवारी,महेंद्र त्रिपाठी, राम सिंह बुंदेला,समर्पण शुक्ला,नितिन सराफ,लक्ष्मण गुप्ता,अभिषेक कुशवाहा,राजबाबू सिंह,बैजनाथ कुशवाहा,अरुण तनय मिश्रा,यशवंत सिंह,नसीब खान,रहीस खान,महेंद्र कुमार,रजनीश बुनकर,दमड़ी चौधरी,पंकज सोनी,शिवम पांडे,काशी साकेत,चुनबद्दी साकेत सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यालय में मंत्री तुलसी सिलावट का स्नेहिल स्वागत



**सतना।** चित्रकूट प्रवास से लौटने के बाद मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सतना स्थित जिला कार्यालय में स्नेहिल आगमन हुआ। संगठन परिवार ने मंत्री जी का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर,मंत्री सिलावट ने सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यालय में लगाई गई नमो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी देखने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए। मंत्री सिलावट ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा कार्यों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को समाजहित में अपने संकल्प को और अधिक सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा कार्यकर्ता जनसेवा के मार्ग पर और दृढ़ता से आगे बढ़ें। इस दौरान,चाय और अल्पाहार के बीच समसामयिक विषयों पर उपयोगी चर्चा भी हुई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय,महापौर योगेश ताम्रकार,पूर्व महापौर श्रीमती ममता पांडे,तथा बड़ी संख्या में भाजपा के जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्षगण,मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे,जिनमें अशोक गुप्ता,विजय तिवारी,मुरारी सोनी,ऋषभ सिंह,रमाकांत गौतम,दीप नारायण सिंह,संजीव दुबेदी, जय प्रताप गुप्ता,सुनील सेनानी,अभिषेक तिवारी,श्याम लाल गुप्ता सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

### समन्वय के साथ तेजी से पूर्ण करें परियोजनाओं के कार्य: कलेक्टर

**सतना।** कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि मैहर जिले के रामनगर बाणसागार स्त्रोत से सतना और मैहर जिले की हर घर नल से जल योजना प्रगति पर चल रही है। प्रथम फेज में 1495 करोड की इस योजना में जल जीवन मिशन द्वारा लारसन एण्ड टुडो कंपनी कार्यकारी एजेंसी से कार्य कराये जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में नर्मदा घाटी विकास निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी समन्वय के साथ पाइप लाइन विस्तारण कार्य में सहयोग करें। महाप्रबंधक जल निगम पंकज तन्तुवाय ने बैठक में मैहर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में पाला के समीप और खम्हरिया अण्डर बायपास के समीप पाइप लाइन बिछाने में आ रहे अवरोध की जानकारी दी। महाप्रबंधक पंकज तन्तुवाय ने बताया कि मैहर जिले में टनल के उस पार के 232 गावों में से 147 गांवों में हर घर नल जल दिया जा रहा है। एमपी आर डीसी से किसी भी अधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल निगम के कार्यो को अन्य विभागों राष्ट्रीय राजमार्ग, नर्मदा घाटी विकास, एमपीआरडीसी,प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के समन्वय और परस्पर सहयोग के साथ परियोजना कार्य तेजी से पूर्ण करने के प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बैठक हर माह आयोजित की जाये।

## मैहर में 'रेस्पीफ्रेश-टीआर' समेत अन्य दवाओं का बड़ा स्टॉक गायब: घटिया दवाओं की जाँच में खुलासा



### खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड जब्त, जांच जारी

सतना।मैहर जिले में घटिया और अमानक घोषित दवाओं,विशेषकर 'रेस्पीफ्रेश-टीआर',के स्टॉक को लेकर की गई गहन जाँच में बड़ा खुलासा हुआ है। ड्रग विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख मेडिकल स्टोर्स पर छापा मारा,लेकिन टीम को कहीं भी इन अमानक दवाओं का स्टॉक नहीं मिला। यह जाँच ऐसे समय में की गई जब राज्य के कुछ हिस्सों में इन दवाओं के गुणवत्ता मानकों पर सवाल उठे थे और उन्हें बाजार से हटाने के निर्देश दिए गए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मैहर के कमला मेडिकल, छाया मेडिकोज,तिवारी मेडिकल और हर्षित मेडिकल समेत कई प्रतिष्ठित दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने विशेष रूप से 'रेस्पीफ्रेश-टीआर' और अन्य संदिग्ध अमानक बैच की दवाओं के रिकॉर्ड और वर्तमान स्टॉक की जाँच की। सूत्रों के अनुसार,जाँच के दौरान एक भी दुकान पर ये दवाएँ उपलब्ध नहीं पाई गईं,जो इस बात की ओर इशारा करता है कि या तो इन्हें आनन-फानन में हटा दिया गया है या पहले ही बेच दिया गया है। जाँच अधिकारी ने बताया कि स्टॉक नहीं मिलने के बावजूद संबंधित मेडिकल स्टोर्स के खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड जब्त कर लिए गए हैं। इन रिकॉर्ड्स की गहनता से समीक्षा की जाएगी ताकि पता चल सके कि इन दवाओं की बिक्री कहाँ और किसे की गई थी। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई और अन्य स्थानों पर जाँच जारी रहने की संभावना है।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल की कुछ ट्रेनें प्रभावित

**सतना।** पश्चिम मध्य रेल (पमरे) ने पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के उज्जैन रेलवे स्टेशन पर उज्जैन यार्ड के रिमॉडलिंग कार्य के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनों के प्रभावित होने की घोषणा की है। यह कार्य 10अक्टूबर से 16अक्टूबर के बीच विभिन्न तिथियों पर होगा।

प्रभावित ट्रेनों का विवरण

**पूरी तरह से निरस्त रेलगाड़ियाँ**

19341 नागदा-बीना एक्सप्रेसः 11 से 15 अक्टूबर 2025 तक निरस्त।19342 बीना-नागदा एक्सप्रेसः 12 से 16 अक्टूबर 2025 तक निरस्त। शॉर्ट टर्मिनेट/ ओरिजिनेट/ आंशिक रूप से निरस्त ट्रेनें 59320 भोपाल-उज्जैन पैसेंजर (11 से 15 अक्टूबर ): मक्सी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी (मक्सी और उज्जैन के बीच निरस्त)।59319 उज्जैन-भोपाल पैसेंजर (11 से 15 अक्टूबर 2025): मक्सी रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी (उज्जैन और मक्सी के बीच निरस्त)। 19340 भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस (11 से 15 अक्टूबर 2025): नागदा से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी (भोपाल और नागदा के बीच निरस्त)।19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस (11 से 15 अक्टूबर 2025): नागदा रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी (नागदा और भोपाल के बीच निरस्त)।19342 बीना-नागदा एक्सप्रेस (दिनांक 11 अक्टूबर ): मक्सी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी (मक्सी और नागदा के बीच निरस्त)।



**मार्ग परिवर्तित ट्रेनें**

गाड़ी संख्या नाम प्रारंभिक तिथि परिवर्तित मार्ग (वाया) मक्सी में ठहराव

11703 रीवा-डॉ.अंबेडकर नगर एक्सप्रेस 12 एवं 14 अक्टूबर 2025 संत हिरदाराम नगर-मक्सी-देवास-इंदौर 2 मिनट 11704 डॉ.अंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस 13 एवं 15 अक्टूबर इंदौर-देवास-मक्सी-संत हिरदाराम नगर 2 मिनट

19303 इंदौर-भोपाल एक्सप्रेस 10 से 14 अक्टूबर इंदौर-फतेहाबाद चंद्रावतीगंज-उज्जैन - मक्सी-**संत हिरदाराम नगर लागू नहीं**

19304 भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस 10 से 14 अक्टूबर संत हिरदाराम नगर-मक्सी-उज्जैन-फतेहाबाद चंद्रावतीगंज-इंदौर लागू नहीं है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा करने से पहले रेलवे की आधिकारिक पूछताछ सेवा,एनटीईएस,या रेल मदद 139 से जानकारी प्राप्त कर लें।

## महामहिम राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर चित्रकूट और मैहर आयेंगे



सतना। मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 10 अक्टूबर को सतना जिले के चित्रकूट आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार महामहिम राज्यपाल सायं 04.20 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा डीआरआई चित्रकूट के हेलीपैड पहुंचेंगे। राज्यपाल सायं 4.25 बजे डीआरआई गेस्ट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार महामहिम राज्यपाल चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन 11 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्व विद्यालय चित्रकूट में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। महामहिम राज्यपाल अपरान्ह 1.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा चित्रकूट से प्रस्थान कर अपरान्ह 2.05 मैहर सर्किट हाउस पहुंचेंगे।इसके बाद महामहिम राज्यपाल अपरान्ह 2.20 बजे कार से मां शारदा देवी मंदिर जायेंगे। मंदिर पहुंचकर अपरान्ह 2.30 बजे से 3 बजे तक पूजा-दर्शन करेंगे। महामहिम राज्यपाल अपरान्ह 3.10 बजे से सायं 4.20 बजे तक एकलव्य विद्यालय मैहर के कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत सांय 4.25 बजे मैहर हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी के लिये प्रस्थान करेंगे।

## 50 दिवस से ऊपर की शिकायतें प्राथमिकता से निराकृत करें-रानी बाटड

### कलेक्टर मैहर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

सतना। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए 50 दिवस और 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये हैं। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन पर फोकस रहकर पुरानी लंबित शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिले में 100 दिवस से अधिक की सर्वाधिक शिकायतें पेंडिंग है। जिनमें लाडली बहना योजना 458,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 513,हैण्डपंप सुधार 300,विद्युत बिलों में गडबडी 202 तथा पात्रता पर्ची नहीं मिलने की 100 से अधिक शिकायतें लंबित है। कलेक्टर बाटड ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास,कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,कार्यपालन



अभियंता विद्युत वितरण कंपनी तथा जिला आपूर्ति अधिकारी मैहर को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में पुरानी शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।उन्होंने कहा कि 4-5 विभाग को छोडकर सभी बी,सी और डी श्रेणी में है। निराकरण में गति लाकर विभागों को ए श्रेणी में लाने का प्रयास करें।संभागीय रोजगार मेला की तैयारी में कलेक्टर ने जिले को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप युवाओं को रोजगार से जोडकर चयनित युवाओं की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बताया गया कि अब तक ब्लाक स्तरीय मेले में रामनगर 56 और अमरपाटन में 104 युवाओं को विभिन्न रोजगार के लिए चयनित किया गया है।धरती आबा अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि चयनित गांवों में संबंधित विभाग के अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों के बैकलाग को शीघ्रपूर्ण कर योजनाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन कम्पलीट करे। बताया गया कि मैहर ब्लाक में 2000,रामनगर में 20,अमरपाटन में 24 आयुष्मान कार्ड बनाये जाने शेष है। कलेक्टर ने संबंधित सीईओ जनपद,बीएमओ से समन्वय कर एक हफ्ते में सभी कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जन आकांक्षा पोर्टल पर संधारित टीएल पत्रकों की विभागवार समीक्षा की तथा कृत कार्यवाही पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश दिये।

## 'बका' के साथ एक आरोपी गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

**सतना। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के निर्देशन में,थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में नागौद पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।** गश्त के दौरान,प्रधान आरक्षक महेंद्र साकेत को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नरहरपुर,गिंजारा मोड़ के पास आम रास्ते पर एक व्यक्ति हाथ में धारदार बका लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलते ही हमराह स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई।पुलिस ने एक व्यक्ति को अपने दाहिने हाथ में लोहे का धारदार बका लिए हुए पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पवन अहिरवार उर्फ अनूप पिता दद्दू अहिरवार,उम्र 20 वर्ष,निवासी ग्राम गिंजारा, थाना नागौद,जिला सतना बताया।वैध कागजात मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका।



आरोपी का यह कृत्य धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत पाए जाने पर अवैध धारदार बका को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वापस थाने आकर अपराध कायम किया गया और गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल (न्यायिक अभिरक्षा) भेजा गया।

## 6 माह से लापता नाबालिक मुंबई में थी: अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, तीन वारंटी पकड़े गए

**सतना। उचेहरा पुलिस ने तीन बड़ी कार्यवाहियों को अंजाम देते हुए कानून व्यवस्था के मोर्चे पर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे के निर्देशन तथा एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश मिश्रा के नेतृत्व में की गई।**

### गुमशुदा नाबालिग सकुशल मिली

उचेहरा पुलिस को छह माह से अधिक समय से गुमशुदा एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता मिली है। फरियादी (पिता) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री काम के लिए उचेहरा गई थी,वापस नहीं लौटी। आशंका थी कि उसे बहला-फुसलाकर भगाया गया है। इस पर थाना उचेहरा में अपराध क्रमांक 93/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। लगातार खोजबीन के उपरांत,अपहता को घंटा घर मैहर से दस्तयाब किया गया। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि वह घर से नाराज़ होकर मुंबई (बॉम्बे) चली गई थी,जहाँ वह काम कर रही थी। घर की याद आने पर वह वापस लौटी। बालिका ने स्पष्ट किया कि उसके साथ किसी भी प्रकार का कोई अपराध घटित नहीं हुआ है।अपहता को सुरक्षार्थ उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिका की तलाश के लिए 2500 का ईनाम घोषित किया गया था।

### 60 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए एक तस्कर को भारी मात्रा में महुआ शराब के साथ धर दबोचा। मुखबिर की सूचना पर खोखर्रा चौराहा बाईपास पर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे आरोपी शोमनाथ उर्फ शोभनाथ प्रजापति उम्र 25 वर्ष,निवासी खोखर्रा को गिरफ्तार किया गया।आरोपी के पास से दो ब्लैडर में रखी हुई कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी देशी महुआ शराब जब्त की गई,जिसकी बाजार कीमत 12,000 बताई गई है। आरोपी अवैध शराब रखने संबंधी कोई वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर पाया।आरोपी के विरुद्ध थाना उचेहरा में अपराध क्रमांक 357/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

### 1 स्थाई सहित 02 गिरफ्तारी वारंटी दस्तयाब

न्यायालय के लंबित मामलों में तेज़ी लाते हुए उचेहरा पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ भी की। प्रभात गस्त और वारंट तामीली अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के 01 स्थाई वारंटी और 02 गिरफ्तारी वारंटियों को दस्तयाब किया गया।स्थाई वारंटी केश प्रसाद चौधरी उम्र 39 वर्ष कारीमाटी। गिरफ्तारी वारंटी रोहित मुसलमान रामना टोला उचेहरा। गिरफ्तारी वारंटी ललित त्रिपाठी है सहिजना कोठार।

## त्यौहार के अवसर पर रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य स्पेशल ट्रेन

**सतना।** रेल प्रशासन ने दिवाली एवं छठ पूजा त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यातायात को कम करने के लिए रीवा और रानी कमलापति (भोपाल) के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन (02190/02189) चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 01-01 ट्रिप चलेगी।

### स्पेशल ट्रेन का विवरण

ट्रेन का प्रकारः साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन कोचः वातानुकूलित श्रेणी,शयनयान श्रेणी,चेयरकार कुर्सीयान श्रेणी और सामान्य श्रेणी। कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्रों या आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षण उपलब्ध है।

### 02190 रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

प्रारंभिक तिथिः 17 अक्टूबर 2025 (प्रत्येक शुक्रवार को) रीवा से प्रस्थानः दोपहर 12:30 बजे रानी कमलापति आगमनः रात 21:15



बजे ठहरावः सतना (13:20), मैहर (13:50), कटनी मुड़वारा (14:50), दमोह (16:10), सागर (17:15), बीना (18:45), विदिशा (19:50)। 02189 रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन। प्रारंभिक तिथिः 17 अक्टूबर 2025 (प्रत्येक शुक्रवार को) रानी कमलापति से प्रस्थानः रात 22:15 बजे रीवा आगमनः अगले दिन शनिवार सुबह 07:20 बजे ठहरावः विदिशा (23:08), बीना (मध्यरात्रि 00:20), सागर (01:30), दमोह (02:40), कटनी मुड़वारा (04:10), मैहर (05:35), सतना (06:15) है।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर बलात्संग कारित करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 20.06.2023 को दोपहर करीब 2.00 बजे फरियादी उठा तो उसने देखा कि पीड़िता घर पर नहीं थी। उसने अपने घर में देखा। इसके बाद फरियादी ने अपने मां-बाप को सूचित किया और पीड़िता को तलाशने चला गया, पीड़िता की तलाश करने पर भी जब पीड़िता नहीं मिली तो फरियादी को शंका हुई कि पीड़िता जो कि उसकी बहन हैं, को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है।

इसके बाद फरियादी ने माता-पिता के साथ थाना कोतवाली पन्ना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। दौरान अनुसंधान पीड़िता की तलाश की गई पीड़िता के दिनांक 15.07.2023 को दस्तयाब होने पर उससे पूंछताछ कर उसके कथन लेखबद्ध किये गये। पीड़िता ने बताया कि वह दिनांक 20.06.2023 को दोपहर करीब 1-1.30 बजे लाडली लक्ष्मी योजना से संबंधित दस्तावेज जमा करने आंगनबाड़ी जा रही थी, तभी रास्ते में उसे राजकुमार वंशकार मिला, राजकुमार ने उससे साथ चलने के लिये कहा, उसने पूंछा कि कहां ले जा रहे हो तो राजकुमार बोला कि चलो समोसे खाकर आते हैं। इसके बाद वह उसे बस स्टैण्ड ले गया और थप्पड़ मारकर उसे बस में बैठा दिया। इसके बाद वह उसे रेल्वे स्टेशन ले गया और बोला कि चलो ट्रेन के डिब्बे घुमाकर लाता हूं, ट्रेन में बैठते ही राजकुमार ने रूमाल सुंघा दिया जिसमें बेहोशी की दवाई मिलाई थी। जब उसे होश आया तो वह दिल्ली के करीब थी। दिल्ली में राजकुमार उसे एक ढाबा पर ले गया और उसे सबसे उपरी मंजिल पर छोड़कर खाना लाने चला गया। राजकुमार वापस आया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा, उसके साथ बलात्कार किया, वह बहुत चिल्लाई लेकिन वह नहीं रूका। राजकुमार ने उसके साथ चार-पांच बार बलात्कार किया। दिनांक 15.07.2023 को दरवाजा खोला तो उसने देखा कि पुलिस और उसका भाई आये है। फिर पुलिस वाले उसे लिखापढ़ी करके कोतवाली पन्ना ले आये। पीड़िता के कथनों के आधार पर धारा 323, 328, 344, 376(3), 376(2)(एन), 506 भा०द०सं० एवं धारा 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



माननीय न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो एक्ट) जिला पन्ना के न्यायालय में प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- राजकुमार वंशकार के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- राजकुमार वंशकार को धारा 5एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 7000/- रूपए का अर्थदण्ड, धारा 366 भादंसं में 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3000/- रूपए का अर्थदण्ड एवं धारा 323 भादंसं. में 06 माह का कठोर कारावास एवं 100 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### खबर संक्षेप

## सारंगपुर में बड़ा हादसा- खेत जोतते समय ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत



**पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शाहनगर जनपद क्षेत्र के सारंगपुर ग्राम मे एक 45 वर्षीय किसान रामावतार गौतम पिता संतोष गौतम कल्ला हार में किराये के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे के लगभग ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत के किनारे बनी खाई में अनियंत्रित होकर जा गिरा। ट्रैक्टर के गिरते ही आसपास के लोग दौड़कर मोके पर पहुचे तभी देखा कि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के निचे दब चूका हैं। जिसके पश्चात क्रेन मशीन से ट्रैक्टर को हटाया गया एवं नीचे दबे हुए ड्राइवर को बाहर निकला गया। तब तक चालक कि मौत हो चुकी थी।मोके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा पंचनामा उपरांत शव को शाहनगर पोस्ट मोरडम के लिय लाया गया।

## विधायक डॉ राजेश वर्मा ने खोली शिकायत एवं सुझाव पेटी, बोले शीघ्र होगा निराकरण



**अमानगंज।** विधायक डॉ राजेश वर्मा ने एसडीम अनिल तलैया गुन्नौर,तहसीलदार ममता मिश्रा अमानगंज,एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में तहसील अमानगंज में लगी विधायक शिकायत एवं सुझाव पेटी खोली,जैसा कि बता दे गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने हर तहसील स्तर पर विधायक सुझाव पेटी लगा रखी है, जिसमें समस्त क्षेत्रवासी अपनी शिकायतें और सुझाव दर्ज करा सकते हैं। आज शिकायत पेटी खोलने के बाद विधायक ने आश्वासन दिया है कि इन शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के विकास और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करें और उनका निराकरण सुनिश्चित करें। क्षेत्रवासियों में इस पहल को लेकर काफी उत्साह है और वे अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं।विधायक डॉ राजेश वर्मा के द्वारा क्षेत्रवासियों को अपनी शिकायतें पेटी में दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ।

## वाल्मिकि समाज द्वारा पवई में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती

### गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली गई शोभायात्रा



**पवई।** देशभर में भगवान राम की जीवन गाथा रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में मंगलवार को बाल्मीकि समाज के द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती। के अवसर पर सबसे पहले उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद समाज के द्वारा गाजे बाजे के साथ पवई नगर में भगवान वाल्मीकि की विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई। यह शोभा यात्रा स्थानीय मंगल भवन से प्रारंभ होकर गांधी चैक ,मिलौनीगंज ,करही तिराहा से वापस मंगल भवन पहुंची इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में बाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे। बता दें कि भगवान वाल्मीकि का जन्म आश्विन माह की पूर्णिमा के दिन माना जाता है। वाल्मीकि नारद जी के उपदेश से और राम नाम के निरंतर जप करने से दूरदर्शी, त्रिकाल दर्शी बने।इसके अलावा जब उनके परिवार ने उनके पापों में भागीदार होने से इनकार कर दिया तो उन्होंने कठोर तपस्या के दौरान दीमक के टीलों में रहने के कारण उनका नाम वाल्मीकि पड़ा इसके बाद वह रामायण के रचयिता बने।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म आज



### आजमिल कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

### कुमकुम टॉकीज में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

**पन्ना।** शहर के गांधी चैक के समीप कुमकुम टॉकीज में सेन परिवार द्वारा आयोजित कराई गई भागवत कथा के तीसरे दिन विभिन्न प्रसंगों पर किए प्रवचन कथावाचक पंच निरमोही पीठाधीश्वर परम पूज्य श्री श्री 1008 अचार्य श्री राधेय जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। कथावाचक अचार्य श्री राधेय जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। स्थानीय कुमकुम टॉकीज में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। व्यासपीठाधीश्वर ने गुरुवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, धुरव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। सेन परिवार ने पन्ना शहर के समस्त श्रीमद् भागवत कथा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का रसपान करने की अपील की है।

## कमिश्नर-कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन मण्डल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को मिला टारगेट

**पन्ना।** आम जनता के प्रति संवेदनषीलता के साथ अब प्रषासन के जिम्मेदारों को अपने कर्तव्यों की भूमिका का निर्वाहन करना होगा। वहीं कलेक्टरों को अब गांवों में रात्रि विश्राम को लेकर भी मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया ने दी दिषा। गौरतलब बात यह है कि कहने को तो पूर्व से ही कलेक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार रात्रि विश्राम करने को लेकर चर्चाओं में नियम सुमार रहते थे पर अब सायद कारगर साबित हो सके। क्योंकि मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पारदर्षी व संवेदनषील प्रषासन की भूमिका को जमीनी स्तर पर आम जनता के बीच साबित करने को लेकर मनः स्थिति बना चुके है। तभी तो सायद पहली बार इस तरह से कमिष्नर, कलेक्टर, वन मण्डल अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जैसे पदों पर आसीन जिम्मेदारों को जवाबदेही के साथ भूमिका निर्वाहन करने को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं कलेक्टरों से 6 माह बाद पुनः रिपोर्ट कार्ड के रूप में जाना जायेगा। सफलता के मुकामों को लेकर आम जनता के बीच में अब जिम्मेदार पहुंचकर समस्याओं का निदान करने को लेकर सायद जिम्मेदारी भी निभायेगें। क्योंकि सरकार के मुखिया की सोच के चलते जहां प्रषासन की भूमिका आम जनता को लाभ पहुंचाने को लेकर वहीं योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर जाना जाये। तथा आम जनता के प्रति जवाबदेही के रूप में प्रषासन का दायित्व साबित हो सके। इस तरह से जहां भोपाल में यह बैठक समूचे प्रदेष को लेकर जो चर्चा जिम्मेदार अधिकारियों से की गई है उससे निष्चितौर पर प्रदेष के कलेक्टरों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के निर्वाहन के रूप में तय होना माना जा रहा है। निष्चितौर पर जहां अब गांवों में जिम्मेदार अधिकारियों के पहुंचने से आम जनता को प्रषासन के प्रति भरोसा भी कायम होगा। सरकार की मंषा आम जनता के प्रति प्रषासन की जवाबदेही जो सुनिष्चित करने को लेकर अहम मानी जा रही है उसके परिणाम भी सामने आयेगें।



## संस्कृति कृष्णा जन कल्याण समिति द्वारा नशा मुक्ति रैली का आयोजन



**पन्ना।** मद्य निषेध सप्ताह 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर) के अंतर्गत इंद्रपुरी कॉलोनी में नशा मुक्ति के लिए जन जागृति रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य नशा मुक्त वार्ड/मोहल्ला बनाने व समाज में फैल रहे नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना और नशा मुक्त स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देना था। रैली की शुरुआत स्वामी विवेकानंद कॉलेज कैंपस से की गई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियाँ, फ्लैस कार्ड,और बैनर लेकर "नशा छोड़ो, जीवन संवारो", "स्वस्थ समाज की नींव नशा मुक्त जीवन" जैसे नारों के साथ जनमानस को जागरूक किया। समिति की सचिव श्रीमती स्वाती सिंह जी, ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हमें मिलजुलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्प लेना होगा। रैली का सफल संचालन श्रीमती स्वाति सिंह सचिन संस्कृति कृष्ण जनकल्याण समिति एवं सदस्य श्री सरदार सिंह यादव जी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने भी नशा मुक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए और समाज को इस बुराई से दूर रहने का संदेश दिया।

## पवई में पांचवें दिन भी जमींदोज हुआ कचरा नगर परिषद की मनमानी पर प्रशासन मौन



**पवई।** नगर परिषद पवई की लापरवाही और मनमानी एक बार फिर उजागर हो गई है। शहर का कचरा लगातार पांचवें दिन भी ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमींदोज किया गया। हजारों टन कचरे को इस तरह जमीन में गाड़ने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार का कचरा निष्पादन न केवल पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन है, बल्कि इससे भूजल प्रदूषण, दुर्गंध और संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गड्ढों में डाले जा रहे कचरे से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। बारिश के मौसम में यह कचरा गलकर जलस्रोतों में पहुंच सकता है, जिससे आसपास के गांवों में बीमारियां फैलने का खतरा रहेगा। सूत्रों के अनुसार, नगर परिषद द्वारा यह कार्य प्रशासनिक जानकारी के बावजूद किया जा रहा है, पर कोई अधिकारी हस्तक्षेप नहीं कर रहा। वर्षों पहले खरीदी गई कचरा रीसाइकिल मशीन आज भी शुरू होने का इंतजार कर रही है। नगर परिषद के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया है। इस संबंध में जब विद्युत विभाग से जानकारी मांगी गई तो विभाग ने स्पष्ट किया कि 5 किलोवाट बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन 31 जनवरी 2025 को दिया गया था, लेकिन आज दिनांक तक नगर परिषद द्वारा आवश्यक शुल्क जमा नहीं कराया गया है। अब सवाल यह उठता है कि जब मशीन कई साल पहले खरीदी गई थी, तो उसका कनेक्शन अब तक क्यों नहीं कराया गया? क्या पिछले वर्षों में एकत्र हुआ सारा कचरा भी इसी तरह जमीन में दबाकर समाप्त किया गया है? नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद की यह कार्यप्रणाली शहर की स्वच्छता मिशन की भावना के बिल्कुल विपरीत है। यदि समय पर रीसाइकिल मशीन को चालू कर दिया जाता, तो आज पवई में कचरे के ढेर, दुर्गंध और प्रदूषण की यह स्थिति नहीं बनती।

## परमात्मा के नाम से ही भाव सागर पार किया जा सकता है: आचार्य रोहित वत्स





**पन्ना।** पहाड़ीखेड़ा के समीप ग्राम झाली में स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से चल रहा है जिसमें भारी संख्या में भक्त जन कथा अमृत का लाभ प्राप्त कर रहे हैं अयोध्या धाम से पधारे आचार्य रोहित जी द्वारा भक्तों को कथा अमृत का पान कराया जा रहा है जिसका सीधा प्रसारण यूट्यूब लाइव के माध्यम से भी प्रसारित हो रहा है इस कथा का आयोजन 3 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है जिसमें 11 अक्टूबर 2025 को विशाल भंडारे का आयोजन होना है समस्त आयोजक मंडल द्वारा निवेदन किया गया है पन्ना जिले के समस्त भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं और प्रसाद ग्रहण करें।



## दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

पन्ना

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में विभाग की टीम द्वारा महावीर दूध डेयरी अजयगढ़ से दूध, मां शारदा दूध डेयरी पन्ना से पनीर, बजरंग भोग भण्डार बड़ा बाजार पन्ना से बर्फी, हीरा स्वीट्स अजयगढ़ चैराहा से पनीर, जुगल किशोर दूध डेयरी देवेन्द्रनगर से दूध तथा मुरारी दूध डेयरी पन्ना से पनीर का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि सघन निरीक्षण कार्यवाही आगामी दिवसों में भी संचालित रहेगी।

सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को एफएसएसएआई पंजीयन और लाइसेंस बनवाकर कारोबार संचालित करने तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक उपायों का पालन करने के लिए सूचित किया गया है। खाद्य सामग्री में मिलाए जाने वाले एडिटिव्स और मिठाईयों में मिलाए जाने वाले रंग खाद्य श्रेणी के होने पर ही अत्यंत अल्प मात्रा में आवश्यक होने पर उपयोग करने के सलाह दी गई है।

निर्देशों की अवहेलना अथवा गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री का संग्रह, विक्रय, मानव उपभोग के लिए प्रदर्शित करने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। जनसामान्य से भी अपील की गई है कि खाद्य सामग्री क्रय करते समय भलीभांति देख एवं समझकर ही उपयुक्त होने पर क्रय करें। अशुद्ध अथवा दूषित सामग्री के क्रय और उपयोग से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## तेज रफ्तार बाइक चालक की टक्कर से बच्ची घायल कटनी रेफर

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 भटवा मोहल्ला में एक 8 से 10 वर्ष की बच्ची अपने दरवाजे पर बच्चों के साथ खेल रही थी उसी समय एक तेज रफ्तार मोटर बाइक चालक अत्यंत तेज गति एवं लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए निकला जिसने बच्ची को टक्कर मारी और मौके से भाग गया घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उसके परिजनों द्वारा गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज प्राथमिक उपचार के लिए दाखिल कराया गया जहां चिकित्सक ने बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए उसे कटनी के लिए रेफर किया और परिजन उसे कटनी ले गए घटना में घायल हुई बच्ची का नाम रचना बताया गया जिसके चेहरे पर और सर पर गंभीर चोटें थीं इस घटना के बाद उसके परिजनों में भारी दुख एवं डर उत्पन्न हो गया जो भारी घबराए हुए थे और गंभीर अवस्था में उसे कटनी ले गए घटना की सूचना तत्काल पुलिस की ओर भेजी है

## सायबर सुरक्षा जागरूकता माह में पुलिस की सक्रिय पहल पवई, मडला और सुनवानी में जनजागरूकता कार्यक्रम

**पन्ना। अक्टूबर माह 2025 को "राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह'' के रूप में मनाने हेतु प्4ब (प्दकपंद ब्लइमत ब्तपउम ब्ववतकपदंजपवद ब्मदजतम) द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं । प्4ब के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना जिले के समस्त थानो में सायबर अपराधों की रोकथाम एवं नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग करने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है ।**





इसी क्रम में 9 अक्टूबर को पन्ना जिले के विभिन्न थानों में व्यापक सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए । जिनमें से थाना पवई क्षेत्रांतर्गत बस स्टैंड पवई में थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी एवं उनकी टीम द्वारा नागरिकों को जागरूक किया गया।

थाना मडला क्षेत्रांतर्गत शासकीय हाईस्कूल मडला में थाना प्रभारी मडला उनि ए पी सिंह बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक सज्जन प्रजापति द्वारा विद्यार्थियों को सायबर सुरक्षा के मूल मंत्र बताए गए। वहीं थाना सुनवानी में थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा सायबर अपराधों से बचाव हेतु प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों में पुलिस द्वारा उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति में सायबर जागरूकता संबंधी जानकारी साझा करते हुये सायबर अपराध से बचने के उपाय साझा किये गये। पुलिस द्वारा उपस्थित जनसमूह को बताया कि आज के डिजिटल युग में सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। लोगों को सायबर अपराध से बचने के लिये क्या करना है क्या नही करना इसकी विस्तृत जानकारी साझा की गई । सायबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं राष्ट्रीय सायबर पोर्टल की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा सायबर सुरक्षा से संबंधित आकर्षक पोस्टर, बैनर, पंपलेट वितरित कर "सतर्क नागरिक दृ सुरक्षित समाज" का सशक्त संदेश दिया गया। नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने परिवार, बच्चों और परिचितों को सायबर सुरक्षा के उपाय अवश्य बताएं, ताकि प्रत्येक व्यक्ति 'डिजिटल रूप से सुरक्षित भारत' के निर्माण में सहभागी बन सके।

## खबर संक्षेप

### सिविल लाइन पुलिस ने 12 घंटे में पकड़ा ट्रैक्टर चोर



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम ढड़ारी में बीती रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक घर के बाहर से ट्रैक्टर चोरी कर लिया गया था। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने महज 12 घंटे में चोर को वाहन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया गया है कि पकड़े गए चोर पर मारपीट और सड़क दुर्घटना के दो अपराध पहले से भी पंजीबद्ध हैं।सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि बीते रोज ग्राम ढड़ारी निवासी राहुल सिंह चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर ने उनके घर के बाहर से आयशर कंपनी का ट्रैक्टर चोरी कर लिया है। राहुल सिंह की रिपोर्ट लेकर घटनास्थल के आसपास चक्षु अभियान के तहत लगाए गए कैमरों को खंगाला गया, जिनमें आरोपी महोबा रोड पर जाता हुआ दिखाई दिया। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने तहकीकात करते हुए चोर को उत्तरप्रदेश के श्रीनगर थाना क्षेत्र में राज्य की सीमा पर ग्राम कैमाहा के पास वाहन सहित दबोच लिया। ट्रैक्टर चोर ने अपना नाम चंद्रभान उर्फ चंदू पुत्र सूरा यादव निवासी ग्राम ढड़ारी बताया है, जिसके विरुद्ध मारपीट और सड़क दुर्घटना के दो अपराध पहले से पंजीबद्ध हैं।

### भीम आर्मी ने अनिल मिश्रा का पुतला फूंका

**कटनी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अधिवक्ता अनिल मिश्रा के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने बड़वारा में पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं ग्वालियर खंडपीठ के नाम ज्ञापन सौंपकर देशद्रोह, एससी-एसटी व आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### बर्सी मेला आयोजन स्थल पर साफ-सफाई

**कटनी।** माधव नगर में बाबा माधव शाह बर्सी मेला के दो दिवसीय आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर माधवनगर में आयोजित कार्यक्रम स्थल के आस-पास की विशेष साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव हेतु रात्रिकालीन 10 कर्मचारियों की ड्यूटी अपने कार्य के साथ-साथ तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

### कैट का जिला सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# नए पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**छतरपुर। शहर के नौगांव रोड पर स्थित एक निजी होटल में बीती शाम भारतीय राष्ट्रीय व्यापारी संघ (कैट) द्वारा जिला सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया रहे। जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी गोविंददास असाटी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सागर संभाग प्रभारी सुनील अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष निकेश गुप्ता, प्रदेश मंत्री द्वय मनीष दोसाज, उमेश अग्रोहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजेश अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। माँ सरस्वती की वंदना केयर इंग्लिश स्कूल की छात्राओं ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ डॉक्टर गायत्री नामदेव, डॉक्टर सुनील चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार श्याम अग्रवाल, विपिन अवस्थी, एडवोकेट संतोष गुप्ता, संजय शर्मा, मनीष वर्मा आदि को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने अपने उद्बोधन में छतरपुर के समस्त व्यापारियों को व्यापार करने के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि व्यापार को किस तरह से आगे बढ़ाया जा सकता है, किन-किन नियमों का ध्यान में रखकर व्यापार को आगे बढ़ाया जाता है। इसी के साथ उन्होंने घर की महिलाओं को भी व्यापारिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कहा। कार्यक्रम को रमेश गुप्ता एवं सुनील अग्रवाल ने भी संबोधित किया। तदुपरांत शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें संगठन मंत्री के रूप में मुकेश चौबे, कोष महामंत्री के रूप में डॉ. स्वतंत्र शर्मा, सह महामंत्री के रूप में शैलेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष के रूप में प्रकाश चन्द्र जैन तथा राजीव रूसिया ने शपथ ली। र्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, कल्याण सिंह चौहान, राकेश लोहिया, रामकुमार गुप्ता, डॉ दीप्ति शर्मा, ज्योति चौबे, राजेंद्र नीखरा, अजय पेप्सी, कृष्णा रावत, हरिश्चंद्र रावत, महेश बजरंगगढ़ी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने दिया जबकि संचालन डॉ. स्वतंत्र शर्मा ने किया।



# दिल्ली एम्स में होगा असहाय मरीज का नि:शुल्क इलाज

### रंग लाई समाजसेवी डॉ. संजय शर्मा की पहल



**छतरपुर।** करीब साढ़े तीन दशकों से बुंदेलखंड में मानसिक रोगियों की सेवा कर रहे डॉ. संजय शर्मा ने एक बार फिर सराहनीय कार्य किया है। डॉ. शर्मा के प्रयास से एक असहाय मरीज का दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में इलाज संभव हुआ है। गुरुवार को संबंधित मरीज को छतरपुर से दिल्ली के लिए रवाना किया गया, जहां मरीज की गंभीर बीमारी का सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री के सहयोग से इलाज किया जाएगा।

समाजसेवी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि, देश-दुनिया में प्रसिद्ध बागेश्वर धाम पर एक असहाय व्यक्ति पिछले काफी दिनों से बीमार अवस्था में पड़ा हुआ था। धाम के सेवादारों ने उन तक जानकारी पहुंचाई जिसके बाद वे मरीज को जिला अस्पताल लेकर आए। मरीज ने अपना नाम पंकज कुमार निवासी कन्नौज उत्तरप्रदेश बताया और यह भी बताया कि उसे उसके परिवार, रिश्तेदारों और समाज ने ठुकरा दिया है। ऐसा कोई नहीं है, जो उनकी देख-रेख कर सके। जिला अस्पताल में डॉ. राजेश मिश्रा ने मरीज की जांच करने के बाद उन्हें बताया कि पंकज कुमार हड्डियों की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं, जिसका इलाज सिर्फ दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में संभव है। स्थिति की गंभीरत को समझकर डॉ. संजय शर्मा ने छतरपुर-टीकमगढ़ सांसद और केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार से संपर्क कर मामले की जानकारी दी, जिसके बाद केन्द्रीय मंत्री ने बिना देर किए एक पत्र जारी किया और मरीज को तुरंत मरीज को दिल्ली भेजने को कहा। गुरुवार को डॉ. संजय शर्मा, सांसद प्रतिनिधि विनोद टिकरिया और विवेक उप्पल ने जिला अस्पताल में मरीज पंकज कुमार को सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार का पत्र देकर दिल्ली रवाना किया। इसके साथ ही सांसद प्रतिनिधि विनोद टिकरिया ने मरीज के दिल्ली तक जाने की व्यवस्था कराते हुए 2 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग भी दिया। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह विशेष अवसर इसलिए भी है कि क्योंकि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की कल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ प्रदान किया गया है।

# युवा मोर्चा के पदाधिकारी को निष्कासित करने की उठी मांग

### सैकड़ों ग्रामीणों ने भाजपा कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन



**छतरपुर।** गुरुवार को छतरपुर भाजपा कार्यालय के बाहर लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ेरी से आए सैकड़ों लोगों ने अचानक धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। दरअसल यह लोग भाजपा युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी को पद से हटाने की मांग करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। उनक आरोप था कि संबंधित पदाधिकारी आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर कई मामले दर्ज हैं, ऐसे व्यक्ति को मत्वपूर्ण पद दिए जाने से संगठन की किरकिरी हो रही है। ग्राम मुड़ेरी निवासी जीतेन्द्र मिश्रा ने बताया कि वे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। विगत वर्ष भाजपा युवामोर्चा के मंत्री पद का दायित्व गांव के कृष्णकांत उर्फ पप्पू गर्ग को सौंपा गया था, जिसके ऊपर हत्या का प्रयास जैसे अन्य कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इतना ही नहीं कृष्णकांत उर्फ पप्पू गर्ग 5 महीने छतरपुर जेल एवं सतना के केन्द्रीय जेल में रहा है। जीतेन्द्र के मुताबिक पप्पू गर्ग पर आपराधिक मामले दर्ज होने के अलावा वह थाने की लिस्टेड गुंडा लिस्ट में शामिल है और उस पर जिलाबदर जैसी कार्रवाई भी हो चुकी है, इसके बावजूद पार्टी ने अभी xतक पप्पू गर्ग को निष्कासित नहीं किया है। जीतेन्द्र के मुताबिक आरोपी गांव में बंदूकधारी लोगों को साथ लेकर गुंडागर्दी करता है, जिससे ग्रामीणों में डर व्याप्त है। जीतेन्द्र मिश्रा सहित अन्य लोगों ने पप्पू गर्ग को शीघ्र अति शीघ्र पद और पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है।

### झमटुली हत्याकांड के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** दो दिन पूर्व बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम झमटुली में हुई एक आदिवासी युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि मंगलवार को ग्राम झमटुली के बेहर मोहल्ला में रहने वाले 55 वर्षीय कामता आदिवासी की गांव के कुछ लोगों ने जादू-टोना करने के शक में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जांच के दौरान घटना स्थल पर मिले भौतिक साक्ष्यों और परिजनों तथा साक्षियों के बयान लेकर 6 लोगों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के 24 घंटे बाद ही आरोपी प्यारेलाल पुत्र चूंटा आदिवासी, जगदीश पुत्र प्यारेलाल आदिवासी, मुन्नू पुत्र झल्ला आदिवासी, राकेश पुत्र प्यारेलाल आदिवासी, राजू पुत्र प्यारेलाल आदिवासी और लखन पुत्र नथुआ आदिवासी, सभी निवासी ग्राम झमटुली। सभी ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर हत्या करने का जुर्म स्वीकार भी कर लिया है। कार्यवाही में खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल के अलावा उपनिरीक्षक डीडी शाक्य, उप निरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा, क्रिस्टोफर टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही।

# छात्र-छात्राओं को बताए गए सड़क सुरक्षा के नियम



### ऑनलाइन ठगी से बचाव के लिए किया जागरूक

**छतरपुर।** यातायात पुलिस ने शहर के शीलिंग पब्लिक स्कूल में यातायात नियमों और साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पुलिस अधीक्षक आगम जैन के निर्देशन में यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए।यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय मोबाइल न इस्तेमाल करने, गति सीमा का पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, और नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने की सलाह दी। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सतर्कता और संयम पर जोर दिया। इसके अलावा साइबर अपराधों पर जागरूकता सत्र में ऑनलाइन ठगी, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग, साइबर बुलिंग और फर्जी प्रोफाइल जैसे खतरों की जानकारी दी। छात्रों को अज्ञात कॉल, लिंक या संदेश पर निजी और बैंक जानकारी न देने, मजबूत पासवर्ड बनाने, सोशल मीडिया सेटिंग्स सुरक्षित रखने और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल, 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में करने की सलाह दी। यातायात प्रभारी ने कहा कि सड़क और साइबर सुरक्षा में जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।

# रानीपुरा सहकारी समिति के मुख्य द्वार पर जलभराव, किसान परेशान



**हरपालपुर।** रानीपुरा की सहकारी समिति के मुख्य द्वार पर जलभराव होने से खाद लेने के लिए आने वाले किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों ने बताया कि बारिश का पानी समिति के मुख्य द्वार के बाहर जमा है, जिससे कीचड़ की स्थिति बनी हुई है। किसानों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को समिति में खाद लेने पहुंचे स्थानीय किसानों को भी जलभराव और कीचड़ की समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं समिति प्रबंधक नीतिशा सोनी ने कहा कि किसानों की समस्या को ग्राम पंचायत और अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। मुख्य द्वार पर उचित निर्माण कराया जाने की मांग की गई है।

# बुंदेली भजनों से सजा बिजावर विधायक का दशहरा मिलन



### ग्राम झमटुली में हुआ पांचवां आयोजन, ग्रामीणों को दी शुभकामनाएं

**छतरपुर।** बिजावर विधायक ने गुरुवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झमटुली के रामघाट पर दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा गाए गए बुंदेली भजनों ने आयोजन को चार चांद लगाए। वहीं विधायक ने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दीं और उनकी समस्याएं सुनकर समाधान कराया।इस अवसर पर विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि यह त्यौहार जनता से मिलने का अवसर है। उन्होंने कहा कि गरीब और पिछड़े क्षेत्रों में पहुंचकर मुझे बहुत प्रसन्नता होती है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में उनके द्वारा किए जा रहे आयोजनों की श्रंखला में यह पांचवां कार्यक्रम है। इसके बाद किशनगढ़ में अगला आयोजन किया जाएगा। विधायक ने कहा कि वे साल भर जनता के बीच रहते हैं। खासतौर पर सावन, होली और दशहरा जैसे त्यौहारों पर। समारोह के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान कराया। वहीं कुछ बड़े मुद्दों के लिए शासन स्तर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक ने जोर देते हुए कहा कि उनका ध्यान दिखावे पर नहीं, बल्कि काम करने पर पर है। समारोह में बुंदेली भजनों ने माहौल को भक्तिमय बनाने का काम किया।

# आत्महत्या के मामले में आया नया मोड़ मृतक के वीडियो से फैली सनसनी

### परिजनों ने एसपी को दिखाया वीडियो, जताया हत्या का संदेह

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र की गंज नर्सरी में पिछले दिनों फांसी के फंदे पर लटके मिले युवक की मौत के मामले ने उस वक्त नया मोड़ ले लिया, जब उसके मोबाइल में मौजूद एक वीडियो सामने आया। दरअसल यह वीडियो युवक की मौत से पहले का है, जिसमें उसने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के नाम लेते हुए कहा कि यह लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद परिजनों ने हत्या का संदेह जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक से जांच की मांग की है। मझोंटा निवासी ललिता प्रसाद पटेल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया कि गत 12 सितंबर को सुबह 11 बजे उसका भाई महादेव पटेल, बैंक जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वह शाम तक वापिस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद अगले दिन 13 सितंबर को बमीठा पुलिस से उसे सूचना मिली कि महादेव पटेल का शव गंज नर्सरी में एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला मानकर विवेचना की लेकिन परिवार को शुरुआत से ही संदेह था। ललिता प्रसाद ने बताया कि महादेव की मौत से पहले 10 सितंबर को कुछ लोग घर आए थे और पैसों की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर गए थे। महादेव ने 12 सितंबर को अपने मोबाइल में एक वीडियो रिकॉर्ड किया था जिसमें उसने सात लोगों के नाम लेकर धमकी दिए जाने की बात कही है। वीडियो में महादेव ने जिन लोगों के नाम लिए हैं, उनमें जीतू दुबे उर्फ मिर्जापुर निवासी पथरगुवां, जानू राजा निवासी बमारी, गोलू राजा निवासी किशोरगंज, जीवन पाल निवासी मझगुवां, इमरान खान निवासी बमीठा, दीनदयाल पटेल और चंद्रभान पटेल दोनों निवासी मझोंटा शामिल हैं। वीडियो में महादेव ने यह भी कहा कि अगर मुझे कुछ होता है तो उस स्थिति में यह वीडियो काम आएगा। ललिता प्रसाद का आरोप है कि उक्त लोगों ने ही महादेव की हत्या करने के बाद उसके शव को फंदे पर लटकाया है।

# जिला अस्पताल के द्वार पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म

### स्टाफ ने बैरीकेट और पर्दे लगाकर कराई डिलीवरी



**छतरपुर।** गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब मुख्य द्वार के बाहर एक महिला का स्टाफ द्वारा प्रसव कराया जाने लगा। दरअसल प्रसूता महिला अस्पताल में भर्ती थी और जांच कराने के लिए अस्पताल के बाहर निकली थी। इसी दौरान अचानक उसे तेज दर्द होने लगा और स्टाफ को गेट पर ही बैरीकेट तथा पर्दे लगाकर डिलीवरी करानी पड़ी। बताया गया है कि राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेला की रहने वाली 29 वर्षीय कुसुम आदिवासी को उसका पति कालीचरण आदिवासी, बुधवार की दोपहर में प्रसव वेदना के चलते राजनगर से छतरपुर लाया था। कुसुम प्रसूति वार्ड में भर्ती थी, जहां डॉक्टर ने खून की कमी बताकर उसकी कुछ जांचें कराने के लिए परिजनों को कहा। परिजनों के मुताबिक जांच कराने के लिए वे कुसुम को नीचे लाए थे तभी अचानक कुसुम को प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों ने भागकर स्टाफ को जानकारी दी जिसके बाद स्टाफ ने बैरीकेड और पर्दे लगाकर महिला का प्रसव करा दिया। परिजनों के मुताबिक गनीमत रही कि कोई अनहोनी नहीं हुई, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि डॉक्टर जांच के नाम पर कुसुम को वार्ड से बाहर न भेजते तो इस तरह की स्थिति निर्मित न होती।

# रोजगार सहायक पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

### जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से हुई शिकायत

**छतरपुर।** गौरिहार जनपद की ग्राम पंचायत किशनपुरा के एक व्यक्ति ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन देकर पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता ने आवेदन के बिंदुओं की जांच कराकर रोजगार सहायक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।किशनपुरा निवासी रामस्वरूप सोनी ने बताया कि ग्राम पंचायत किशनपुर में पदस्थ रोजगार राहायक मनीष लखेरे के द्वारा पंचायत संबंधी छोटे-छोटे कामों के एवज में पैसों की मांग की जाती है इसके अलावा शासकीय राशि को गलत तरीके से निकालकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। रामस्वरूप सोनी के मुताबिक रोजगार राहायक मनीष लखेरे द्वारा समग्र आईडी में नाम जुड़वाने, राशन पर्ची बनवाने जैसे कामों के बदले भी ग्रामीणों से पैसों की मांग की जाती है और पैसे न दिए जाने पर शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित करने की धमकी दी जाती है। श्री सोनी ने बताया कि रोजगार सहायक पिछले करीब एक दशक से पंचायत में जमे हुए हैं, जिस कारण से उनकी मनमानी चरम पर है। कुछ समय पूर्व में पंचायत में पशु शेड का निर्माण हुआ था, जिसमें पशुओं का आश्रय देने की जगह रोजगार सहायक का छोटा भाई मेडिकल स्टोर और क्लीनिक का संचालन कर रहा है। शासकीय योजनाओं का अनैतिक लाभ भी अपने परिजनों को दे रहा है। रामस्वरूप सोनी ने गौरिहार जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र सौंपे



रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अनुकंपा नियुक्ति के तीन प्रकरणों में संबंधितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। उन्होंने जिला संयोजक जनजातीय विभाग में भृत्य पद पर अंकुर शर्मा एवं अनीता द्विवेदी को तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में भृत्य के पद पर सुरजीत सिंह को अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

### प्रभारी कमिश्नर ने किया जिला पंचायत का औचक निरीक्षण

रीवा। प्रभारी कमिश्नर प्रतिभा पाल ने जिला पंचायत रीवा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिकायत, सूचना का अधिकार, सतर्कता, आवक-जावक लेखा, पंचायतराज आदि शाखाओं का निरीक्षण कर प्रस्तुत की गई फाइलों में हुई कार्यवाही का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कमिश्नर ने आवक-जावक शाखा में पत्रों को भेजे जाने में विलंब पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सतर्कता शाखा में धारा-40 सहित अन्य प्रकरणों में किये गये पत्राचार का अवलोकन किया तथा व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुतीकरण न होने पर आपत्ति व्यक्त की। श्रीमती प्रतिभा पाल ने लेखा शाखा में बिलों के भुगतान के संबंध में प्रस्तुत फाइलों का निरीक्षण किया अवलोकन के दौरान विभिन्न शाखाओं में फाइलें लंबित रहने पर सीईओ जिला पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को नोटिस देने के लिये निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह उपस्थित रहे।

### श्रवण बाधितार्थ स्कूल में अतिथि विद्वानों को कार्य करने का अवसर

रीवा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शासकीय श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक स्कूल रीवा में पात्र व्यक्तियों को अतिथि विद्वान के रूप में कार्य करने का अवसर दिया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए व्याख्याता के तीन पद, शिक्षक के एक पद तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षक के एक पद पर कार्य करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि में आवेदन करना अनिवार्य होगा। इसके लिए आयु सीमा एक जुलाई 2025 को 21 से 40 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है। निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त व्यक्ति ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन समय में अधीक्षक शासकीय श्रवण एवं दृष्टि बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोपखाना बिछिया रीवा से प्राप्त की जा सकती हैं।

### सामाजिक कार्यकर्ता शेषमणि शुक्ल के पिता हुए बैकुंठवासी



रीवा। सामाजिक कार्यकर्ता एवं हरीभूमि के वरिष्ठ पत्रकार शेषमणि शुक्ल के पिता हीरामणि शुक्ल का 95 वर्ष की उम्र मे, पैतृक ग्राम पाडर मे बुधवार सुबह सात बजे अपने गृह ग्राम मे स्वर्गवासी हो गए उनका अंतिम संस्कार उनके मऊगंज जिले के गृह ग्राम पाडर मे हुआ। स्व. हीरामणि शुक्ल मऊगंज जिले के पाडर ग्राम के प्रतिष्ठित समजवादी नेता थे एवं पूर्व सांसद जमुना प्रसाद शास्त्री के करीबी रहे है। उनके निधन पर क्षेत्र मे शोक की लहर है उन्होंने अपने पीछे भरा पूर परिवार छोड़ गये। स्व. हीरामणि शुक्ल के निधन पर पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, गिरीश गौतम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राहुल गौतम, जेल बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक जगदीश गुप्ता जिला, पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, लोकतंत्र सेनानी सुभाष , श्रीवास्तव, शायर सिद्धार्थ श्रीवास्तव, संजय गाँधी के पूर्व डीन डॉ मनोज इंदुलकर, साइंटिस्ट डॉ संजय पांडे पूर्व सरपंच, ऊधोपुर्वा रामलाल पांडे, लोकतंत्र सेनानी अजय खरे सत्यनारायण शर्मा भदैया, पूर्व सरपंच बरहटा मनोज चतुर्वेदी, राज नारायण सिंह तिवारी, नव स्वदेश व्यूरो अजय सिंह, पत्रकार नरेंद तिवारी भास्कर, शमशेर सिंह , ऋषभ पांडेय पत्रकार संघ पुरुसोत्तम मिश्रा, गीता तिवारी, शिव प्रकाश निगम हरीभूमि, रमेंद्र पांडे संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व पार्षद शिवदत्त पांडे पूर्व सरपंच मृतुन्जय दुबेदि, कुंज विहारी मिश्र, देवकुमार पांडे, दैनिक विश्ववदीर्घा भोपाल के संपादक अजय मिश्र वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जे.आर नारायण आदि ने श्रद्धांजलि दी।

# 9 महीने में 400 करोड़ का घोटाला, रिश्वतखोरी का रफ्तार ब्रेकर बना कानून, फिर भी बेखौफ हैं भ्रष्टाचारी

## ईओडब्ल्यू ने दर्ज किए 21 केस, लोकायुक्त ने पकड़े 19 अफसर, रंगे हाथ हर महीने दो ट्रैप, फिर भी घूसखोरी पर नहीं लग पा ब्रेक

रीवा।




भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ और लोकायुक्त संगठन लगातार सक्रिय है, लेकिन इसके बावजूद सरकारी दफ्तरों में रिश्वतखोरी और वित्तीय अनियमितताओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जनवरी 2025 से सितंबर 2025 तक के मात्र नौ महीनों में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने 21 नए प्रकरण दर्ज किए हैं, वहीं लोकायुक्त ने 19 ट्रैप कार्रवाईयों में भ्रष्ट अधिकारियों को रंगे हाथों पकड़ा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से अधिकांश मामलों में आरोपी अधिकारी बेखौफ नजर आते हैं। न चेहरे पर शिकन, न ही कानून का खौफ। यही कारण है कि कार्रवाई के बावजूद रिश्वत का बाजार ठंडा नहीं पड़ रहा है। बता दे ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज मामलों में सबसे ज्यादा अनियमितताएं धान उपार्जन से जुड़ी पाई गईं। रीवा और शहडोल संभाग के कुछ अफसरों ने कार्रवाई के डर से बाद में शासन को करीब 8 करोड़ रुपए की राशि वापस जमा कराई। हालांकि, अब तक का सबसे बड़ा घोटाला जीएसटी विभाग से जुड़ा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, छतरपुर, सिंगरौली और सतना से 62 से अधिक मामलों में टैक्स चोरी के मामले उजागर हुए, जिसमें कुल लेन-देन की राशि 400 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ रहा है, इसमें मध्य प्रदेश के बाहर के लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं। रीवा संभाग की स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि जो अधिकारी रिश्वत नहीं लेता, उसे भोला बाबू कहा जाता है, जबकि जो खुलेआम पैसा मांगता है, उसे काबिल अफसर समझा जाता है। सीएमओ ऑफिस, कोषालय, जिला शिक्षा कार्यालय और तहसीलें रिश्वतखोरी के सबसे बड़े अड्डे बन गए हैं। यहां तक कि सेवानिवृत्त कर्मचारी भी वर्षों तक अपने बकाया भुगतान के लिए कार्यालयों के चक्कर काटते रहते हैं।बॉक्स लोकायुक्त में हर महीने दो ट्रैप, फिर भी रिश्वत जारीजनवरी से सितंबर 2025 तक लोकायुक्त संगठन ने 19 ट्रैप केस दर्ज किए हैं यानी औसतन हर महीने दो भ्रष्ट अधिकारी रंगे हाथ पकड़े गए। इसमें पंचायत, राजस्व, पुलिस, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, जनपद कार्यालय जैसे विभाग शामिल हैं। इनमें हाल ही का एक मामला चौंकाने वाला रहा, जहां लोकायुक्त कार्यालय के पास ही महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा गया।बॉक्सइसलिए नहीं डरते भ्रष्टाचारी लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू की टीम लगातार काम कर रही है फिर भी भ्रष्ट अधिकारी बेखौफ हैं। इसके पीछे कुछ मुख्य कारण हैं। निलंबन के बाद बहाली की गारंटी, भ्रष्ट अधिकारियों को पता है कि निलंबन एक अस्थाई प्रक्रिया है और कुछ समय बाद उनकी बहाली हो जाएगी। कोर्ट में केसों का लंबा खिंचना, कानूनी प्रक्रिया इतनी धीमी है कि केस सालों तक चलते रहते हैं। अधिकारियों की आपसी मिलीभगत कई बार विभागों के भीतर ही एक दूसरे को बचाने की आपसी समझदारी काम करती है। बॉक्सजब तक जेल नहीं होगी, सुधार नहीं होगाबता दे जब तक रंगे हाथ पकड़े गए आरोपी को तत्काल गिरफ्तारी, त्वरित ट्रायल और कड़ी सजा नहीं दी जाएगी, तब तक भ्रष्टाचार थमने वाला नहीं। केवल निलंबन से व्यवस्था पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे भ्रष्टाचारियों को एक अस्थायी विराम मिल जाता है। सख्ती की जरूरत है। यह जिम्मेदारी सरकारी विभाग के प्रमुखों की है कि वे कार्यालय में अनुशासन और भ्रष्ट कार्यप्रणाली पर अंकुश लगाएं। इसके लिए विभाग प्रमुख को खुद पर अनुशासन और आम जन के लिए उपलब्धता और उनके कार्य के प्रति गंभीरता बनाए रखनी होगी जिससे अधीनस्थ सबक लें।

### इनका कहना है

लोकायुक्त रीवा संभाग अंतर्गत लगातार रिश्वत की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है कुछ प्रकरणों में रंगे हाथ तो कुछ रिश्वत की मांग के आधार पर ट्रैक किया गए है मेरा सभी से निवेदन है यदि किसी सामान्यजन से किसी प्रकार की रिश्वत की मांग की जाती है तो वह बेखौफ होकर लोकायुक्त कार्यालय आ सकते हैं यहां की विधिवत प्रतिक्रिया के पालन करते हुए कार्यवाही की जाएगी । सुनील पाटीदार पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संगठन रीवा संभाग । किसी भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत या रिश्वत की मांग संबंधित कोई भी सूचना आती है तो ईओडब्ल्यू तत्काल कार्यवाही करती है, भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत मिलने पर पहले गुण दोष के आधार पर जांच की जाती है जांच में दिए गए तथ्यों के अनुसार पाए जाने पर अपराध पंजीवद किया जाता है निश्चित तौर पर अपराध पंजीवद करने का एक असर होता है यदि कोई भ्रष्टाचार संबंधित अपराध पंजीवद किया जाता है दंडवत कार्रवाई की जाती है तो उसका मैसेज अच्छा जाता है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है।

**डॉ. अरविंद सिंह ठाकुर**
**पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू संगठन रीवा संभाग।**

# दिव्यांगों का सरकार के वादाखिलाफी पर आंदोलन ऐलान





**मऊगंज**। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा दिव्यांगों को दी जा रही मात्र 600 रुपए की पेंशन को लेकर प्रदेशभर के दिव्यांगों में गहरी नाराजगी है। रीवा और मऊगंज जिले के दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह राशि लौटाने का संकल्प लिया है। उनका कहना है कि अगर सरकार वादे के अनुसार 5000 पेंशन नहीं दे सकती, तो 600 रुपये की यह 'भीख' नहीं चाहिए। बता दें कि चुनाव पूर्व भाजपा ने वादा किया था कि यदि उनकी सरकार बनी, तो दिव्यांगों को पेंशन बढ़ दी जाएगी। मगर सत्ता में आने के बाद न वादा पूरा हुआ और न ही कोई ठोस कदम उठाएगए। दूसरी ओर, लाड़ली बहना योजना के लिए सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है, लेकिन दिव्यांगों की उपेक्षा की जा रही है। रीवा निवासी दिव्यांग अशोक विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री को 600 रुपए की पेंशन लौटाने का फैसला करते हुए कहा कि ₹हम भीख नहीं, अधिकार मांग रहे हैं। हमें सम्मान चाहिए, न कि दिखावे वाली मदद।₹ उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रतीकात्मक रूप से यह राशि लौटाकर विरोध जताने की पहल की।वहीं मऊगंज के पत्रकार दीपक गुप्ता ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ₹हमारे साथ सरकार केवल चुनावी लॉलीपॉप तक सीमित रही है व्यवहार मे अमल नही कर रही है। 600 रुपए देकर हमारा अपमान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो वे भूख हड़ताल करेंगे। अशोक विश्वकर्मा ने सवाल उठाया – "भाजपा सरकार ने हमें ना तो रोजगार दिया, ना ही आवास।600 रुपए में क्या इंसानियत चलती है? ये अपमानजनक है।" उनका कहना है कि सरकार ने वादा निभाया होता तो आज हमें यह विरोध नहीं करना पड़ता। रीवा और मऊगंज जिले के दिव्यांग अब इस आंदोलन को एक राज्यव्यापी अभियान बनाने की तैयारी में हैं। उन्होंने सीधा संदेश दिया है अगर सम्मान से नहीं मिलेगा हक, तो चुप नहीं बैठेंगे।

## आरडीएफ के ढेर पर जताई नाराजगी, बाहर से कचरा लाने पर तत्काल रोक के निर्देश

# महापौर ने पेयजल और कचरा प्रबंधन की समीक्षा

रीवा ।



नगर निगम महापौर अजय मिश्रा ने बुधवार को शहर की सफाई व्यवस्था, जलप्रदाय प्रणाली और सीवरेज कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए पहाड़िया स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट में वर्षों से जमा रिफ्यूज डेराइव्ड फ्यूल कचरे के बड़े-बड़े ढेर देख उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और इसे पर्यावरण व आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया,महापौर ने निर्देश दिए कि इस कचरे को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल हटाया जाए। साथ ही, मध्यप्रदेश के बाहर से लाए जा रहे कचरे की एंट्री पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नियमित निगरानी में लापरवाही बरतने पर इंडिपेंडेंट इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस स्तर की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को लेकर मिल रही शिकायतों पर भी महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शिकायतों का स्वतः संज्ञान लेते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। सीवरेज व्यवस्था की समीक्षा करते हुए महापौर ने कहा कि खुदाई के बाद नालियों में जमा मिट्टी को तुरंत मैन्युअल रूप से हटाया जाए, ताकि जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन मार्गों पर सीवर लाइन डाली जा रही है, वहां की सड़कें शीघ्र मोटरेबल बनाई जाएं और कार्यस्थलों पर बैरिकेडिंग, सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान महापौर ने कई स्थानों पर दूषित जल आपूर्ति की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थिति में तत्काल सुधार किया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल, रवि तिवारी, गुलाम अहमद, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सहायक यंत्री एसएन द्विवेदी, सीएमआर कंपनी, सीवर कंपनी, पीडीएमसी और रेमकी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने ड्यूटी से लौट रहे कर्मचारी को मारी जोरदार टक्टर, दर्दनाक मौत

## गढ़वा के समीप नौवस्ता चौकी क्षेत्र में हुआ हादसा, चालक ट्रेलर समेत फरार, पुलिस ने शुरू की तलाश

रीवा।




शहर के चोरहटा थाना अंतर्गत नौवस्ता चौकी क्षेत्र में बीती देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक धर्मराज सिंह रोज की तरह ड्यूटी पूरी कर अपने गांव लौट रहे थे, तभी गढ़वा के पास एक अनियंत्रित ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। धर्मराज सिंह निवासी ग्राम डेंगरहट, जेपी नगर में एक निजी संस्था में कर्मचारी थे। वे प्रतिदिन रात्रि ड्यूटी के बाद पैदल ही अपने घर लौटते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गढ़वा के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए धर्मराज को टक्कर मार दी। घटना इतनी भीषण थी कि धर्मराज गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से धर्मराज को तुरंत इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल, रीवा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के भाई कल्याण सिंह ने बताया कि धर्मराज परिवार के मुख्य सहारे थे। वे कई वर्षों से जेपी नगर में कार्यरत थे और समय की पाबंदी के लिए जाने जाते थे। घटना के बाद से परिवार में शोक की लहर है। वही पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रेलर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# निजी स्कूल के शिक्षक पर आठवीं के छात्र से मारपीट का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

## गुढ़ थाना क्षेत्र की घटना, छात्र के शरीर पर चोट के निशान, परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

**रीवा**। जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुहा कला गांव स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा आठवीं के छात्र के साथ कथित रूप से स्कूल संचालक व शिक्षक द्वारा की गई मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़ित छात्र अपने माता-पिता के निधन के बाद मामा के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा है। आरोप है कि खजुहा कला स्थित निजी विद्यालय के संचालक व शिक्षक धीरेंद्र पटेल ने छोटी सी बात पर छात्र के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की, जिससे उसके शरीर पर कई स्थानों पर गंभीर चोटें आईं। घटना के अगले दिन छात्र अपनी बहन और मामा के साथ गुढ़ थाना पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्र ने पुलिस को बताया कि वह सामान्य बातचीत कर रहा था, तभी शिक्षक ने उस पर गाली देने का आरोप लगाते हुए डंडे से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित का कहना है कि शिक्षक ने उसे कई बार बेरहमी से पीटा, जिससे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पड़ गए। घटना के बाद छात्र ने इसकी जानकारी सबसे पहले अपनी बहन और मामा को दी। जब बहन ने स्कूल संचालक से इस विषय में बात की, तो संचालक ने यह कहते हुए मामला टालने की कोशिश की कि हम दवाई करवा देंगे, टेंशन मत लो।

# बदौआ में वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**मऊगंज**। जिले की ग्राम पंचायत बदौआ की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन कली मिश्रा द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्र ने सर्वप्रथम बैंकिंग योजनाओं से शुरुआत कर खाता में रीकेवाईसी नॉमिनी खाता में मोबाइल नंबर दर्ज कराने के बारे में विस्तार से जानकारी दी तत्पश्चात सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि बीमा अपने परिवार के लिए होता है और साल भर में यदि हमारे 20 रुपए का बीमा कराने से हमारे ना रहने पर हमारे परिवार को यह दो लाख रुपए मिल जाए तो इसमें हमारा क्या नुकसान है इसलिए सभी खाताधारक को अपने-अपने खाता में 20 रुपए का बीमा जरूर करना चाहिए जो की दुर्घटना बीमा है दुर्घटना पर मृत्यु होने पर नॉमिनी को दो लाख रुपए मिलते हैं और 18 साल से 70 साल के बीच के हर महिला पुरुष इस बीमा को बैंक के माध्यम से करा सकते हैं इसी तरह से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा मे एक वर्ष में 436 रुपए लगते हैं परंतु इस बीमा में किसी भी तरह से मृत्यु होने पर नॉमिनी को दो लाख रुपए मिलते हैं जो की एक गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी मदद है अटल पेंशन योजना को बुढ़ापे की लाठी कहा जाता है पेंशन पांच प्रकार से है अपने क्षमता अनुसार बैंक से जरूर करवा लें 60 वर्ष बाद जीवन पर्यंत पेंशन के रूप में मिलेगी और इसके बाद नॉमिनी को और दोनों लोगों की मृत्यु के बाद बच्चों को 850000 बैंक के माध्यम से बच्चों को दिए जाएंगे जो की बहुत बड़ी रकम है इसी तरह से मऊगंज में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खुला हुआ है जहां पर गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले परिवारों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है उम्र 18 वर्ष के 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और जैसे ब्यूटी पार्लर कढ़ाई बुनाई सिलाई इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमे चाय नाश्ता भोजन पूरी तरह से निशुल्क दिया जाता है गरीबों के लिए सरकार के तरफ से यह व्यवस्था की जा रही है वर्तमान में साइबर फ्रॉड की बहुत सारी घटनाएं हो रही हैं आपके पास किसी अजनबी व्यक्ति का फोन आता है और आपसे ओटीपी मांगता है उसे बिल्कुल ना दें ना ही उससे ज्यादा बात करें आप जितना ही सावधान रहेंगे उतना ही सुरक्षित रह पाएंगे जाने अनजाने में यदि आपकी राशि किसी खाते में धोखे से चली जाती है तो तत्काल 1930 में फोन लगाकर उसे खाते को शील्ड करा सकते हैं सभी लोगों के साथ मिलकर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई सभी लोगों ने संकल्प लिया है कि ना गंदगी करेंगे और ना ही करने देंगे पॉलिथीन का प्रयोग बिल्कुल नहीं करेंगे और बाजार कपड़े का झोला लेकर ही जाएंगे और उसी में समान खरीदेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के शिक्षक ने कहा कि आज हमारे ग्राम पंचायत में वित्तीय साक्षरता का बहुत अच्छा कार्यक्रम हुआ लोगों को अभी तक योजनाओं की जानकारी नहीं थी जिससे कम लोग लाभ ले पाते थे अब हम प्रयास करेंगे कि अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं का लोग लाभ लें कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला मिश्रा मंगलावती चतुर्वेदी सहायिका किरण पांडे गांव के हितग्राही रामावतार पटेल रामावतार साकेत जवाहरलाल साकेत मुन्नालाल साकेत राम कैलाश साकेत रामस्वरूप साकेत लाल बहादुर साकेत अशोक कुमार कुशवाहा राम जी साकेत कविता कुशवाहा किरण पांडे अनूप विश्वकर्मा ममता कुशवाहा प्रमिला विश्वकर्मा गीता विश्वकर्मा अनीता कुशवाहा शकुंतला कुशवाहा यशोमति विश्वकर्मा सहित अन्य हितग्राही उपस्थित रहे।

## दीपावली पर मिलावटखोरों पर प्रशासन सख्त

# एक्सपायरी केक मिक्स, अखाद्य केमिकल और नकली मिठाई जब्त, कई प्रतिष्ठानों पर मामला दर्ज

रीवा ।





जिले में कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर दीपावली त्योहार के मद्देनजर जिले में मिष्ठान विक्रेताओं की सघन जांच का विशेष अभियान शुरू किया गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन और नापतोल विभाग की संयुक्त टीमों ने शहर के प्रमुख मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई कर एक्सपायरी सामग्री, अखाद्य रसायन और मिलावटी मिठाइयों को जब्त किया है। कई प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए। जांच अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रसादम स्वीट्स ताला हाउस के निपानिया स्थित उत्पादन केंद्र पर छापा मारा। जांच के दौरान केक निर्माण में इस्तेमाल होने वाला एक्सपायरी डेट का केक मिक्स, केक कलर, एवं अन्य खाद्य सामग्री पाई गई, जिसे मौके पर जप्त कर लिया गया। सबसे गंभीर बात यह रही कि कारखाने में अखाद्य सिट्रिक एसिड भी पाया गया, जो कि सामान्यतः इंडस्ट्रियल उपयोग के लिए होता है, पर यहां इसे ढोकला बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा था। खाद्य मानकों के अनुरूप न होने के कारण इस रसायन को भी जब्त किया गया। इस मामले में प्रसादम स्वीट्स का संचालन करने वाली कंपनी एलिमिनेशन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के समस्त डायरेक्टर्स के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संयुक्त टीम द्वारा जेपी मोड़ स्थित दत्ता डेयरी एवं स्वीट्स की भी जांच की गई। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब द्वारा जांच में छैना की मिठाइयों में अरारोट की मिलावट पाई गई। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी प्रतिष्ठान के मिल्क केक में मिलावट पाई गई थी, जिसका मामला एडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। दत्ता डेयरी से छैना मिठाई और कलाकंद के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे, साबिर अली, नापतोल विभाग के सहायक नियंत्रक विजय खातरकर एवं निरीक्षक सचिन कुमार सोनी की निगरानी में की गई इस कार्रवाई में स्पष्ट संदेश दिया गया है कि खाद्य सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा।बॉक्समहेश, राधा स्वामी, शगुन और रतन स्वीट्स से भी लिए गए नमूनेटीम ने सिरमौर चौराहा स्थित महेश स्वीट्स, राधा स्वामी स्वीट्स, शगुन स्वीट्स और रतन स्वीट्स अमहिया की भी जांच की। यहां से भी मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। सभी प्रतिष्ठानों को स्वच्छता बनाए रखने, मानक खाद्य सामग्री के उपयोग और मिलावट से बचने के निर्देश दिए गए।बॉक्सनापतोल विभाग ने महेश और रतन स्वीट्स के खिलाफ दर्ज किए मामलेजांच के दौरान नापतोल विभाग ने पाया कि महेश स्वीट्स और रतन स्वीट्स में असत्यापित तौल उपकरणों का उपयोग किया जा रहा था। इस पर विभाग ने प्रकरण पंजीबद्ध किया है। साथ ही मिठाई विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि मिठाई के डिब्बे का वजन शामिल किए बिना ही शुद्ध मात्रा में बिक्री सुनिश्चित करें।